# कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / ए0आ0आ0वि0प्र0प0 2026 / 154-160 / 2025–26 दिनांक 17 जनवरी 2026

## :: विज्ञप्ति ::

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी / मेहरवाना / बाजपुर / खटीमा प्रवेश परीक्षा (कक्षा–06) 2026**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी, बाजपुर, खटीमा एवं मेहरवाना (चकराता), में सत्र 2026–27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए **राज्य / केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्तमान शिक्षा सत्र 2025–26 में कक्षा–5 में अध्ययनरत् एवं गृह आधरित शिक्षा प्राप्त कर रहे उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित** जनजाति (ST), विमुक्त जनजाति (DNT), घुमन्तू जनजाति (NT), अर्द्ध घुमन्तू जनजाति (SNT), एवं कोविड / वामपंथी आदिवाद (**LWE**) / Insurgencies में अपने माता–पिता को खोने वाले बालक / बालिका, विधवा माता के बालक / बालिका, दिव्यांग माता–पिता के बालक / बालिका, अनाथ बालक / बालिका, **से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।** आवेदन पत्र का प्रारुप जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी / बाजपुर / खटीमा / मेहरवाना कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र, केन्द्र एवं परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत निर्देश उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, (नैनीताल) की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM टैब पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड करके भी आवेदन किया जा सकता है। **अभ्यर्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 10** वर्ष **से 13** वर्ष **के मध्य होनी चाहिए**, अर्थात उसका जन्म 31 मार्च 2013 से 01 अप्रैल 2016 के मध्य हुआ हो (उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं) दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी। छात्र / छात्राओं द्वारा पूर्ण रुप से पूरित आवेदन पत्र दिनांक 10 फरवरी 2026, सायंकाल 5:00 बजे तक **"सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् विभागीय परीक्षा अनुभाग, रामनगर, (नैनीताल) पिन–244715"** के पते पर पंजीकृत डाक से अवश्य पहुँच जानी चाहिए। लिफाफे के बाहर "**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी प्रवेश परीक्षा** 2026 हेतु आवेदन पत्र" अवश्य लिखा होना चाहिए। प्रवेश परीक्षा माह अप्रैल 2026 द्वितीय सप्ताह में कराई जानी प्रस्तावित है।

17/01/2026
(वी0पी0सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

पंत्राक : वि0प0 / ए0आ0आ0वि0 / प्र0प0 2026 / 154-160 / 2025–26 दिनांक–उक्तवत्।

प्रतिलिपि – निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– निदेशक माध्यमिक शिक्षा / सभापति उ0वि0शि0प0 रामनगर (नैनीताल)।
2– निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड, ननूरखेड़ा, देहरादून।
3– निदेशक जनजाति कल्याण उत्तराखण्ड शहीद भगत सिंह कालोनी, अधोईवाला, देहरादून।
4– सचिव, एकलव्य विद्यालय संगठन समिति, देहरादून एवं संयुक्त निदेशक, जनजाति कल्याण उत्तराखण्ड शहीद भगत सिंह कालोनी, अधोईवाला, देहरादून।
5– मुख्य शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद उत्तराखण्ड को परीक्षा विज्ञप्ति, आवेदन–पत्र का प्रारुप एवं विस्तृत निर्देश इस आशय से कि आप अपने जनपद में इसका व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक अर्ह छात्र–छात्राओं को परीक्षा में प्रतिभाग करवाने का कष्ट करें।
6– समस्त खण्ड / उप शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी को परीक्षा विज्ञप्ति, आवेदन–पत्र का प्रारुप एवं विस्तृत निर्देश इस आशय से कि आप अपने ब्लॉक में इसका व्यापक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक अर्ह छात्र–छात्राओं को परीक्षा में प्रतिभाग करवाने का कष्ट करें।
7– प्राचार्य कालसी, बाजपुर, खटीमा एवं मेहरवाना (चकराता)।
8– सम्पादक दैनिक अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला, दैनिक राष्ट्रीय सहारा, दैनिक पॉयनियर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के उस पृष्ठ पर 10x10 वर्ग से0मी0 न्यूनतम शासकीय दरो पर प्रकाशित करें जिसका प्रचार–प्रसार पूरे राज्य में हो। विज्ञप्ति प्रकाशन के पश्चात समाचार–पत्र की प्रति के साथ बिल दो प्रतियों में जिला सूचना अधिकारी से सत्यापित कराने के बाद भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

17/01/2026
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)